कार्य पत्र 21

विषय हिंदी कक्षा-7

अध्यापिका- रेखा ठाकुर

पाठ-15 काल

प्रश्न 1) रेखांकित काल का नाम लिखिए।

1. मनिंदर स्कूल छोड़ **चुका था।**
2. मां खाना बना **चुकी होगी।**
3. विभु शाम को 6:00 बजे खेलने **जाता है।**
4. आजकल विवेक विहार में कार्यशाला **चल रही है।**
5. वह पढ़ **रहा होगा।**
6. **शायद** शाम तक वर्षा **हो।**
7. मुझे सूर्योदय देखना बेहद **पसंद है।**
8. सब खाना खा **चुके होंगे।**
9. **यदि** पिताजी सब्जी ले आते तो मां खाना **बना लेती।**
10. माली फूलों की देखभाल **करता है।**

प्रश्न 2)निर्देशानुसार काल बदलकर लिखिए।

1. आज बहुत तेज बारिश हुई।(संदिग्ध वर्तमान)
2. चारु कॉलेज से लौटी। (आसन्न भूतकाल)
3. अनिल किताब पढ़ेगा। (संदिग्ध भूतकाल)
4. बुआ जी ढेर सारे खिलौने लाएंगी। (संभाव्य भविष्य)
5. संयम पार्क में खेल रहा था। (सामान्य वर्तमान काल)

उत्तर 1)

1. पूर्ण भूतकाल
2. संदिग्ध भूतकाल
3. सामान्य वर्तमान काल
4. तात्कालिक वर्तमान काल
5. संदिग्ध वर्तमान काल
6. संभाव्य भविष्यत काल
7. सामान्य वर्तमान काल
8. संदिग्ध भूतकाल
9. हेतु हेतुमद भूतकाल
10. सामान्य वर्तमान काल

उत्तर 2

1. आज बहुत तेज बारिश हो रही होगी।
2. चारु कॉलेज से लौटी है।
3. अनिल किताब पढ़ चुका होगा।
4. शायद बुआ जी ढेर सारे खिलौने लाएंगी।
5. संयम पार्क में खेलता है।

1. दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर वर्तमान काल में बदलकर लिखिए— *(Understanding, Applying)*

ज़िला बनारस...पड़ी रहती थी।

उ. ""ज़िला बनारस में बीरा नाम का एक गाँव है। वहाँ एक वृद्ध, संतानहीन, बुढ़िया रहती है, जिसका नाम भुनगी है। उसके पास एक इंच भी ज़मीन नहीं है और न रहने का घर ही है। उसके जीवन का सहारा केवल एक भाड़ है। गाँव के लोग प्राय: एक समय चबैना या सत्तू खाकर पेट भरते हैं, इसलिए भुनगी के भाड़ पर नित्य भीड़ लगी रहती है। वह जो कुछ भुनाई पाती है वही भून या पीसकर खा लेती है और झोंपड़ी के एक कोने में पड़ी रहती है।""

2. **नीचे दिए गए वाक्यों के काल पहचानकर लिखिए—** ***(Remembering, Understanding)***

i. मैं आपको पार्क से चले जाने को कहूँगा। ''भविष्यत काल''

ii. वह रिंगमास्टर नहीं बनना चाहते थे। ''भूतकाल''

iii. कुत्ते की मालकिन चीख रही थी। ''भूतकाल''

iv. अब वहाँ काफ़ी बड़ा पार्क है। ''वर्तमान काल''

v. अब मैं आप पर जुर्माना करूँगा। ''भविष्यत काल''

vi. यहाँ कुत्ते लाना मना है। ''वर्तमान काल''

vii. शुरुआत ऐसे जानवर से करेंगे जो शरारती न हो। ''भविष्यत काल''

3. **दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर भविष्यत काल में बदलकर लिखिए—** ***(Understanding, Applying)***

विश्वप्रसिद्ध पिरामिडों ....देखने को मिले।

उ. ''''विश्वप्रसिद्ध पिरामिडों और ममियों के देश इजिप्ट के लिए दिल्ली से हम गल्फ़ एयर लाइंस की उड़ान से रवाना होंगे। इजिप्ट की राजधानी केरो पहुँचने के लिए बहरीन से दूसरी उड़ान लेनी होगी, जो पूरे चार घंटे बाद मिलेगी। यहाँ का समय भारत के समय से पूरे तीन घंटे पीछे चलता है। बहरीन के हवाई अड्डे पर उतरेंगे तो वहाँ अधिकतर भारतीय चेहरे ही देखने को मिलेंगे।''''